| | | |
|---|---|---|
| (B) Minimum five years' teaching or working experience in Forensic Science or Physics or Chemistry or Toxicology or Zoology or Botany or Bio- Chemistry or Biology or Microbiology or Forensic Deoxyribo Nucleic Acid (DNA) and Serology in a recognised academic institution or training institution or academy or central forensic science laboratory or State forensic science laboratory.<br><br>**(ii) Desirable**- Doctor of Philosophy in the relevant subject from a recognised University or Institute.<br><br>**Note 1-** The period of deputation including the short term contract in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years.<br><br>**Note 2**-The maximum age-limit for appointment by deputation including short term contract shall be not exceeding fifty-six years as on the last date of receipt of applications. | | |

[F. No. 23011/21/2020-PT]

RAMAN KUMAR, Under Secy.

veterinary officer

नई दिल्ली, 10 नवम्बर, 2023

**सा.का.नि. 165.**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी पशु चिकित्सा अधिकारी भर्ती नियम, 2016 को उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, गृह मंत्रालय के अधीन सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में पशु चिकित्सा अधिकारी के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ:-** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, पशु चिकित्सा अधिकारी (समूह 'क ' पद ) भर्ती नियम, 2023 है।

(2)ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर** - पद संख्या, उसका वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर वह होगा, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा और अन्य अर्हताएं आदि** - उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी, जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता** - वह व्यक्ति -

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित हैं, विवाह किया है ; या विवाह की संविदा की है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति** - जहां केन्द्रीय सरकार की राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

**6. व्यावृत्ति -** इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

**अनुसूची**

| **पद का नाम** | **पद की संख्या** | **वर्गीकरण** | **वेतन मैट्रिक्स में स्तर** | **चयन या अचयन पद** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| पशु चिकित्सा अधिकारी। | 1* (2023) * कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है । | साधारण केंद्रीय सेवा, समूह 'क', राजपत्रित , अननुसचिवीय । | वेतन मैट्रिक्स में स्तर 10 – (56100 -177500/ - रु.) । | लागू नहीं होता। |

| **सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु सीमा** | **सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों हेतु अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं** | **सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं , प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं** |
|---|---|---|
| (6) | (7) | (8) |
| लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता |

| **परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो** | **भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/ आमेलन द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता** |
|---|---|
| (9) | (10) |
| लागू नहीं होता | **प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है)** |

| **प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा** | **यदि विभागीय प्रोन्नति समिति विद्यमान हैं तो उसकी संरचना** | **भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाना है** |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है):<br>केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या स्वाशासी या कानूनी संगठन या पब्लिक सेक्टर उपक्रम या विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान के अधिकारी:<br>(क)(i) जो मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए है; या<br>(ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 9 (53100-167800 रु.) या समतुल्य में दो वर्ष की नियमित सेवा की है; या<br>(iii)जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 8 (47600-151100 रु.) या समतुल्य में उस पद मे चार वर्ष की नियमित सेवा की है; और | लागू नहीं होता । | संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक नहीं है। |

| | | |
|---|---|---|
| (ख) जिनके पास निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव है:<br>आवश्यक:<br>(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन या पशु चिकित्सा विज्ञान में स्नातक की डिग्री;<br>(ii) भारतीय पशु चिकित्सा परिषद या राज्य या संघ राज्य क्षेत्र पशु चिकित्सा परिषद से रजिस्ट्रीकृत;<br>(iii) पशुचिकित्सा व्यवसाय में तीन वर्ष का अनुभव।<br>वांछित:<br>(i) अस्तबल प्रबंधन में एक वर्ष का शिक्षण अनुभव; और,<br>(ii) घोड़ों के उपचार और देखरेख में एक वर्ष का अनुभव।<br>**टिप्पण** 1: प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत् केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी।<br>**टिप्पण** 2: प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत् अल्पकालिक संविदा भी है) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। | | |

[फा. सं. 23011/23/2020- पीटी]

रमण कुमार, अवर सचिव (पुलिस प्रशिक्षण)

New Delhi, the 10th November, 2023

**G.S.R. 165.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Sardar Vallabhbhai Patel National Police Academy Veterinary Officer Recruitment Rules, 2016, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Veterinary Officer in the Sardar Vallabhbhai Patel National Police Academy, Hyderabad under the Ministry of Home Affairs, namely:-

1. **Short title and commencement.** - (1) These rules may be called the Ministry of Home Affairs, Sardar Vallabhbhai Patel National Police Academy, Veterinary Officer (Group 'A' Post) Recruitment Rules, 2023.

   (2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of post, classification and level in pay matrix.** -The number of post, its classification and level in the pay matrix attached thereto, shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age limit and other qualifications, etc.** - The method of recruitment age limit, qualifications and other matters relating to the said post, shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

4. **Disqualification.-** No person, -

   (a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

   (b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.** - Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, in consultation with the Union Public Service Commission, and for the reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.** – Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, other backward class, the ex-servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of the post | Number of post | Classification | Level in pay matrix |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| Veterinary Officer. | 1 *(2023)<br>*Subject to variation dependent on workload. | General Central Service,<br>Group 'A', Gazetted, Non-Ministerial. | Level-10 (Rs.56,100-1,77,500) in the pay matrix. |

| Whether selection or non-selection post | Age-limit for direct recruits | Educational and other qualifications required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of probation, if any | Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation / absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods |
|---|---|---|---|---|---|
| (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| Not applicable. | Not applicable. | Not applicable. | Not applicable. | Not applicable. | By deputation (including short-term contract). |

| In case of recruitment by promotion or deputation / absorption, grades from which promotion or deputation / absorption to be made. | If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition. | Circumstances in which Union Public Service Commission to be consulted in making recruitment. |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| **Deputation (including short-term contract):**<br>Officers of the Central Governments or State Governments or Union territories administration or Autonomous or Statutory Organisation or Public Sector Undertakings or University or Recognised Research Institution:<br>(a) (i) holding analogous posts on regular basis in the parent cadre or department; or<br>(ii) with two years regular service in level-9 (Rs. 53100-167800) in the pay matrix or equivalent in the parent cadre or department; or<br>(iii) with four years regular service in posts in level-8 (Rs. 47600-151100) in the pay matrix or equivalent in the parent cadre or department; and<br>(b) possessing the following educational qualifications and experience:<br>Essential:<br>(i) bachelor degree in Veterinary Science and Animal Husbandry or Veterinary Science from a recognised University or Institute;<br>(ii) registered with the Veterinary Council of India or State or Union territories Veterinary Council;<br>(iii) three years' experience in Veterinary practice.<br>Desirable:<br>(i) one year teaching experience in stable management; and<br>(ii) one year experience in treatment and care of horses.<br>**Note 1:** The period of deputation including the period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other organisation or department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years.<br>**Note 2:** The maximum age-limit for appointment by deputation (including short term contract) shall be not exceeding fifty-six years as on the last date of receipt of applications. | Not applicable. | Consultation with the Union Public Service Commission is not necessary. |

[F. No. 23011/23/2020-PT]

RAMAN KUMAR, Under Secy. (Police Training)